हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

11 गलत तरीके से डाली निकासी पाइप लाइन को लेकर प्रदर्शन



12 भाजपा ने धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा...




## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल खण्ड के गांव मुसाखेड़ा के युवक आकाशदीप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का समाचार है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शहर के सामान्य अस्पताल में भिजवाया और परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फतेहाबाद में आज लगेगा रोजगार मेला

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय, फतेहाबाद द्वारा 12 अगस्त को कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र की नामी कंपनियां युवाओं को विभिन्न पदों पर नौकरी देने के लिए मौके पर ही इंटरव्यू लेंगी। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने दी। उन्होंने जिला के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करें।

### डोडा पोस्त और लाहन तस्करी में आरोपी काबू

**टोहाना।** डोडा पोस्त और लाहन के एक मामले में टोहाना पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हैप्पी पुत्र दर्शन सिंह निवासी जमालपुर शेखा के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में अमरजीत सिंह उर्फ अमरी पुत्र प्यारा राम निवासी रत्ताखेड़ा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी उपनिरीक्षक शादीराम ने बताया कि एसआई रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम जब बस अड्डा, रत्ताखेड़ा के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

### कैबिनेट मंत्री 13 को वितरित करेंगे अधिकार पत्र

**फतेहाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 13 अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कुम्हार/प्रजापति समुदाय को अधिकार पत्र वितरित करेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ राज्य के विभिन्न मंत्रीगण, सांसद तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में कुम्हार/प्रजापति समुदाय को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

### एनआई एक्ट का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने एनआईएक्ट के भगोड़े आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान हाकम सिह वासी सिरसा रोड, ऐलनाबाद के रूप में हुई है। उक्त आरोपी एनआईएक्ट के एक अभियोग में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित था।

### ऑनलाइन एडवरटाइजमेंट के नाम पर हजारों हड़पे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने फतेहाबाद के एक युवक से हजारों रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित युवक द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद शहर फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर फतेहाबाद निवासी अभिषेक ने कहा है कि उसकी फतेहाबाद में अरोड़ा टूर एंड ट्रैवल्स के नाम से ट्रेवल एजेंसी है। उसकी बहन ज्योति विदेश में रहती है। गत दिवस अनजान व्यक्ति से इंस्टाग्राम पर उसका सम्पर्क हुआ। उसने बताया कि हम उसकी ट्रेवल एजेंसी की एडवरटाईजमेंट कर सकते हैं जिससे उसका काम बढ़ जाएगा। उक्त व्यक्ति के कहने पर उसने उसके दिए गए खाते में 8 हजार रुपये डाल दिए।

# टोहाना में 13.60 करोड़ में छूटा डोर टू डोर कूड़ा उठान का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना




नगर परिषद के डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का टेंडर आखिरकार करीबन दो महीने बाद फाइनल हो गया। टेंडर 5 साल के लिए हुआ है। नगर पालिका ने इसके लिए 13 करोड़ 60 लाख 93 हजार 306 का अनुमान बनाया था जिसे 30.18 प्रतिशत माइनस में टोहाना की जय दुर्गा कॉपरेटिव एल एंड सी सोसाइटी लिमिटेड ने यह टेंडर 9 करोड़ 50 लाख 13 हजार 600 रुपये में लिया है। इस काम के लिए 6 फर्मों ने टेंडर भरे थे। डीएमसी ने रेट अप्रूवल के लिए फाइल डीयूएलबी को भेज दी है। 12 अगस्त को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की बैठक है। उसी बैठक में टेंडर की दरों को मंजूरी दी जाएगी। बैठक में डीएमसी, चेयरमेन, नप उपाध्यक्ष और सचिव को बुलाया गया है। यह टेंडर केवल डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के लिए है। टोहाना में पहले टेंडर 30 मई को खत्म हो चुका था। तब से नगर परिषद सफाई कर्मचारियों से ही कूड़ा उठवा रही थी। इस बारे में एमई पंकज ढांडा ने बताया कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का टेंडर खुल गया है। टेंडर 5 साल के लिए हुआ है। रेट अप्रूवल के लिए फाइल डीयूएलबी को भेज दी गई है। 12 अगस्त को सीएम की बैठक में अंतिम मंजूरी दी जाएगी। नगर परिषद का डोर टू डोर का टेंडर ओपन कर दिया गया है, अब शहर के घर घर से ठेकेदार की गाड़ी द्वारा कचरा उठाया जाएगा, इससे शहरवासियों को लाभ मिलेगा।

## रतिया नगर पालिका ने 5 साल के लिए डोर टू डोर कार्य का टेंडर आवंटित किया, 22 टन कचरा प्रतिदिन उठाएगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

- 9 करोड़ 75 लाख रुपये का टेंडर, सबसे कम रेट 7 करोड़ 80 लाख में छूटा

पिछले काफी समय से शहर में गंदगी की समस्या झेल रहे शहर के नागरिकों को जल्द ही गंदगी व कचरे की समस्या से निजात मिल जाएगी। रतिया नगर पालिका द्वारा शहर के कचरा व गंदगी उठाने के लिए लगाए गए टेंडर को खोल दिया गया है। यह टेंडर दा जय दुर्गा कंपनी को अलाट किया गया है जोकि 5 साल के लिए रतिया शहर में सफाई व्यवस्था के तहत कचरा उठाने का कार्य करेगी। यह जानकारी देते हुए सफाई निरीक्षक ओंकार सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशों पर रतिया शहर में 5 साल तक कचरा उठाने के लिए टेंडर लगाया गया था। 22 टन प्रतिदिन के हिसाब से साल के 365 दिन एजेंसी द्वारा कचरा उठाने के लिए करीबन 9 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से टेंडर लगाया गया था। इस टेंडर में कई फर्म ने भाग लिया था। सबसे कम रेट 7 करोड़ 80 लाख रुपये दा जय दुर्गा एजेंसी द्वारा भरा गया था जिसको टेंडर छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया है कि एजेंसी द्वारा बिना किसी अवकाश के 5 साल तक प्रतिदिन 22 टन कचरा शहर से उठाया जाएगा। इसके लिए एजेंसी द्वारा आधा दर्जन टाटा एस गाड़ियां व ट्रैक्टर ट्राली और लोडर का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो टेंडर लगाया गया था, उसमें लगभग 15 लाख रुपये प्रति माह का भुगतान करना था लेकिन एजेंसी द्वारा लगभग 11 लाख 66 हजार रुपये प्रतिमाह पर यह टेंडर लिया गया है।

# मनरेगा मजदूरों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम एसडीएम टोहाना को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना



**टोहाना।** एसडीएम को सीएम के नाम मांग पत्र सौंपते मनरेगा मजदूर।

टोहाना में मनरेगा मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम एसडीएम टोहाना को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 17 अगस्त को नरवाना में होने वाली मुख्यमंत्री की रैली में काले झंडे दिखाकर विरोध करेंगे। मनरेगा मजदूर संघ के प्रधान सतबीर ने बताया कि सरकार ने कई महत्वपूर्ण कार्य बंद कर दिए हैं। इनमें सड़क, शमशान भूमि, स्कूल, खेल के मैदान, पंचायत घरों, खेतों के रास्ते, नहरी खाल, गांव की फिरनी, सरकारी अस्पताल और कॉलेज की सफाई शामिल है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को 100 दिन के काम की गारंटी दी गई है। लेकिन कार्य बंद होने से मजदूरों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। जंगलों, स्कूलों और रास्तों की सफाई न होने से सांप और नेवले जैसे जहरीले जानवरों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्र की पक्की सडक़ों के दोनों ओर घास और झाड़ियां बढ़ने से सड़कें संकरी हो गई हैं।

## बीमारी से परेशान मजदूर ने घर पर लगाई फांसी

- तीन बेटियों का पिता है मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ला में बीमारी से परेशान एक मजदूर द्वारा किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने सोमवार को जब उसे फांसी पर लटके देखा तो इस बारे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गुरूनानकपुरा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से मध्य प्रदेश के भिंड जिले का रहने वाला 45 वर्षीय वीर सिंह फतेहाबाद के गुरुनानकपुरा मोहल्ला में किराए पर अपनी बेटी के साथ रहता था। उसकी पत्नी का करीब सात साल पहले निधन हो चुका है। वीर सिंह के तीन बेटियां और एक बेटा है। दो बड़ी बेटियां शादीशुदा हैं, जबकि बाकी एक बेटी व बेटा मध्य प्रदेश में ही अपनी ननिहाल में रहते हैं। वीर सिंह फतेहाबाद में मजदूरी करता था और काफी समय से बीमार था। अपनी बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहता था।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक फरार

**टोहाना।** देर रात चंडीगढ़ रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद सडक़ पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कार सवार मौके से फरार हो गए। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार को सडक़ किनारे करवाया, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार राकेश ने बताया कि वह अपना काम निपटाकर जा रहा था। तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। राकेश ने आरोप लगाया कि कार में चार युवक सवार थे, जो नशे की हालत में थे।

## एनएचएम कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, की नारेबाजी

# कर्मियों के बकाया वेतन का जल्द भुगतान करने की मांग

### वेतन न मिलने से त्योहार पड़े फीके, जन्माष्टमी भी नहीं मना पाएंगे कर्मी : विपिन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एनएचएम कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

नेशनल हैल्थ मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहे कर्मचारियों ने पिछले 4 माह से वेतन न मिलने से नाराज होकर सोमवार को नागरिक अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया और सरकार से कर्मचारियों के बकाया वेतन का जल्द भुगतान करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के राज्य प्रधान विपिन शर्मा ने किया। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की ओर से वेतन जारी न होने के चलते बहनों ने काली राखी बांधी थी। अब वेतन नहीं दिया तो कर्मचारी जन्माष्टमी त्योहार भी नहीं मना सकेंगे। इस अवसर पर सुभाष यादव, सुल्तान, जितेंद्र, संदीप, सतबीर, सुरेश कुमार, शिव कुमार, राकेश, सतवीर, राकेश शर्मा सहित अनेक एनएचएम कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी पिछले 25 साल से केंद्र और राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को धरातल पर पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन से लागू करते हैं। सरकार पिछले चार माह से वेतन का भुगतान नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार वार्ता के बावजूद वेतन न मिलना हरियाणा सरकार के रवैये पर सवाल खड़े करता है। वेतन न मिलने से कई कर्मचारियों के बच्चों की फीस न देने के कारण नाम कट गए हैं। बैंक लोन की किश्तें समय पर न चुकाने से कर्मचारी बैंक डिफॉल्टर हो गए हैं। रिश्तेदारों व मित्रों से लिया गया कर्ज न चुकाने से सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। घर का राशन और दवाइयां तक खरीदना मुश्किल हो गया है। इन तमाम परिस्थितियों के बावजूद एनएचएम कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि एनएचएम कर्मचारियों के बकाया वेतन का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए ताकि यह कर्मचारी अपने परिवार के साथ त्यौहारों की खुशियां मना सकें।

#### समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

इसके अलावा उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी व अधिकारियों से संघ के साथ बातचीत कर कर्मचारियों की अन्य समस्याओं जैसे लोकेशन आधारित जिओ फेसिंगा हाजिरी लगाने का फरमान वापस लेने, एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने आदि पर भी सकारात्मक कदम उठाने की मांग की है। एनएचएम कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया तो कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

# 11 गुम मोबाइल फोन ढूंढकर मालिकों को सौंपे

- मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

साइबर थाना फतेहाबाद ने एक बार फिर साबित किया कि तकनीक और मानवीय संवेदना मिलकर जब काम करें, तो चमत्कार होते हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने 11 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई गई है। यह मोबाइल फोन साइबर थाना की तकनीकी टीम ने अथक प्रयास से ट्रेस कर बरामद किए थे। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार व उनकी टीम ने आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन आधारित ट्रैकिंग तकनीकों के जरिये इन मोबाइलों की तलाश की और उन्हें मालिकों तक पहुंचाया। अब तक 176 से अधिक गुम मोबाइल फतेहाबाद पुलिस द्वारा ट्रेस कर लौटाए जा चुके हैं।

#### कई चेहरों पर राहत

मोबाइल लौटाने के इस आयोजन में जब एसपी ने स्वयं अपने हाथों से नागरिकों को उनके फोन लौटाए, तो कई चेहरों पर राहत और खुशी के भाव स्पष्ट झलकते दिखे। गुम मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों की आंखों में कृतज्ञता साफ दिखाई दी। जिन्हें मोबाइल फोन लौटाए गए उनमें मनोज कुमार निवासी गोरखपुर, अमरजीत सिंह निवासी बलियाला, बलविंदर कौर निवासी गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद, जगन निवासी कमाना गुरनाम दास निवासी खैरपुर अलीका, अंग्रेज सिंह निवासी हिजरावां खुर्द, आनंद कुमार निवासी बड़ोपल, संदीप निवासी अहरवां, राकेश कुमार आदि शामिल है।

# साइबर ठगी का पर्दाफाश, आरोपी काबू

- आरोपी से बैंक की पासबुक, चेकबुक व एक मोबाइल सिम भी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



**सिरसा।** साइबर ठगी मामले में पकड़ा गया आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को जिला झुंझुनु राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी से बैंक की पासबुक, चेकबुक व एक मोबाइल सिम भी बरामद की गई है। साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने सोमवार को बताया कि शुभम निवासी सिरसा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शुभम ने शिकायत में बताया कि उसे फेसबुक पर एक लिंक देखने के बाद व्हाट्सअप पर अज्ञात नंबर से मैसेज प्राप्त हुआ। आरोपी ने उसें नौकरी के नाम पर एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा और गूगल मैप पर रिव्यू देने का कार्य सौंपा गया। शुरूआती दौर में उसे तीन हजार रुपये का भुगतान भी किया गया। इसके बाद अधिक कमाई का लालच देकर यूपीआई के माध्यम से 91 हजार 500 रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने शुभम की शिकायत पर मामले की जांच शुरू की। बैंक विवरण से पता चला कि पैसे रवि कुमार निवासी झुंझुनु राजस्थान के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए हैं। पुलिस ने रवि कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि अमित कुमार नामक व्यक्ति को उसने अपना बैंक खाता लालच में 15 हजार रुपये में बेच दिया था।

## समाधान शिविर में पहुंची शिकायत

# देवीलाल पार्क में भरा बरसात व सीवरेज का पानी

- डीडीपीओ ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में आए नागरिकों की शिकायतों को सुनते हुए डीडीपीओ अनूप सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

डीडीपीओ अनूप सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो और कोई भी मामला लंबित न रहे।

इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डीडीपीओ सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। डीडीपीओ ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### ये शिकायतें हुई प्राप्त

समाधान शिविर में ललुवाल के गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने गांव में साफ सफाई करवाने, किरढान निवासी राय सिंह ने मनरेगा कार्य में हाजिरी की जांच करवाने, आशिफा ने नया मनरेगा जॉब कार्ड बनवाने, ढाणी माजरा के प्रवीण व जाखनदादी के बघेल सिंह ने पीपीपी में आय कम करवाने, धांगड़ निवासी खुशीराम ने जमीन की तकसीम करवाने, अधिवक्ता खुशी राम ने उप तहसील भट्टू में बिजली व पानी का प्रबंध करने, सिरढान निवासी दलबीर ने धोखाधड़ी करने पर संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही करने, धारसूल खुर्द निवासी पतामो ने दोबारा पीला राशन कार्ड जारी करने तथा भट्टू मंडी निवासी नवीन कुमार ने देवीलाल पार्क में बरसात व सीवरेज का पानी निकलवाने बारे अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष रखी।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठकों के लिए आवश्यक सूचना

"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय

हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

हरिभूमि सहेली

स्वाधीनता दिवस विशेष



यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही है।

# आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

## पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

## उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।



एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

## खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है।

# इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन

रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगान:** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भाग:** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूट:** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखें:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ें:** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएं:** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं।

महात्म्य

आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

# जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

*कृष्ण वंदे जगतगुरुम्।* यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।

**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्र:** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना



भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेश:** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे।

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



**आज हमें** अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

# कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग

## मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं।

## मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधि:** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

## दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधि:** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है।

आस्था

अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्व:** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।



**पौराणिक मान्यता:** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्व:** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है।

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## खबर संक्षेप

### आशा इकाई सदस्यों के लिए लगाया प्रशिक्षण शिविर

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेंटर में आशा इकाई सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि नालसा (आशा-जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही) मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर, 2025 द्वारा चलाई जा रही स्कीम के तहत आशा इकाई सदस्यों की टीम बनाई गई।

### जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी बांटी

**सिरसा।** मानव उत्थान सेवा समिति ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में सोमवार को जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। समिति के प्रधान दीपक गोयल ने बताया की हमारा लक्ष्य है शिक्षित बच्चे, सुदृढ़ राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस देश के बच्चे जितने शिक्षित होंगे वह देश उतनी ही तरक्की करेगा तथा आत्मनिर्भर बनेगा। गोयल ने बताया कि सबसे ज्यादा स्टेशनरी और बुक्स वितरण करने के लिए गिनीज बुक आफ वल्ड रिकॉर्ड ने भी संस्था को सम्मानित किया है।

### बकरियांवाली स्कूल में लगाई त्रिवेणी

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरियांवाली में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बूटा राम ने त्रिवेणी लगाई। उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी नाथूसरी चोपटा विजय सचदेवा भी मौजूद थे। इस अवसर पर डीईईओ बूटाराम ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पेड़-पौधे न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि अनेक प्रकार की जड़ी बूटियां भी देते हैं, जिनसे गंभीर बिमारियों का भी उपचार संभव है।

### ओढां में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन 13 तक

**ओढां।** पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि जो छात्र-छात्रा वर्तमान में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हैं तथा सिरसा जिले के मूल निवासी हैं वे 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक छात्र-छात्रा की आयु एक मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हो तथा जिले में ही किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हो।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

**सिरसा।** देश में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खारियां के छात्रों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य सदीव सिंह ने बताया बताया कि तिरंगा रैली पंजाबी अध्यापक लखविंद्र सिंह रतन के नेतृत्व में निकाली गई। इस रैली में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भाग लिया।

## बीडीपीओ ने नाला बनाने का दिया आश्वासन

# गांव खाई में गलत तरीके से डाली निकासी पाइप लाइन को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

- धरने में सरकार व ग्राम पंचायत के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। धरने में नारेबाजी करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव खाई में ग्राम पंचायत द्वारा गलत तरीके से डाली गई गंदे पानी की निकासी पाइपलाइन को लेकर आज पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला प्रधान ओमप्रकाश के नेतृत्व में रतिया बीडीपीओ कार्यालय में धरना दिया। धरने में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने भाग लिया। धरने में सरकार व ग्राम पंचायत के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। इसके बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हनीश कुमार ने धरने में पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया कि शुक्रवार से निकासी नाले का काम शुरू करवा दिया जाएगा, इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।

इस अवसर पर सुखदीप रंधावा, गग्गी चहल, नाहर सिंह, छिन्दा तामसपुरा, हाकम सिंह, प्रगट खोखर, प्रेम खोखर, गुरलाल ग्रेवाल, गुरलाल वाडा, परमजीत पिलछिया, रणजीत सिंह, प्रदीप शेखुपुर व अन्य किसान मौजूद रहे। धरने का संबोधित करते हुए किसान नेता मनदीप सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत ने जानबूझकर किसान के खेत की तरफ गंदे पानी की निकासी की पाइपलाइन डाली थी ताकि किसान परेशान हो सके।

उन्होंने बताया कि जिस साइड पर मकान बने हुए हैं, उस साइड पर निकासी नाली नहीं बनाई गई जिस कारण जब बरसात होती है और गंदा पानी नाले में जमा हो जाता है तो पाइपलाइन टूटकर किसान के खेतों की तरफ गंदा पानी बहा देती है। इससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण ही ग्राम पंचायत के लाखों रुपये भी खराब हो गए और समस्या का हल भी नहीं हुआ इसलिए दूसरी साइड पर नाला बनाया जाए ताकि किसान की फसल खराब ना हो सके और गलत तरीके से पाइपलाइन डालने वाले ग्राम पंचायत से रिकवरी वसूल की जाए।

किसानों के रोष प्रदर्शन को देखते हुए थोड़ी देर बाद ही खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हनीश कुमार धरना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने किसानों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उप मंडल अधिकारी पंचायती राज द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया है और जिस साइड पर मकान बने हैं उस साइड पर शुक्रवार से नाले का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। मनदीप सिंह ने कहा कि अगर शुक्रवार को काम शुरू नहीं किया गया तो सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय में निश्चित कॉलोनी धरना शुरू किया जाएगा।

### पेयजल समस्या को लेकर वार्डवासियों ने विभाग के कार्यालय पर दिया धरना



**सिरसा।** पेयजल समस्या से दुखी वार्ड नंबर 13 के लोगों का सब्र आज जवाब दे गया। वार्ड के लोग पार्षद मनीष कुमार की अगुवाई में जनस्वास्थ्य विभाग में पहुंचे और एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, नवीन केडिया, रामकुमार निरंकारी, जयप्रकाश व अन्य मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों के धरने को समर्थन किया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि पब्लिक हैल्थ अधिकारी जनता को परेशान करने पर उतारू हैं। शहर में कहीं सीवरेज जाम पड़े हैं, तो कहीं दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। कहीं पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं की जा रही। शर्मा ने कहा कि लोग विभागीय अधिकारियों को समस्या बाबत फोन करते हैं, तो अधिकारी फोन रिसीव नहीं करते। कार्यालय जाते हैं, तो अधिकारी अपनी सीट पर नहीं मिलते। यही जवाब सुनने को मिलता है कि साहब फील्ड में गए हुए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पब्लिक हैल्थ अधिकारियों ने जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि रामराज की बात करने वाले भाजपाई जनता की समस्याओं को लेकर मौन साधे बैठे हैं। चुनावी मौसम में ये नेता गली-गली विकास का ढोल पीटते नजर आएंगे, पर जनता इनको बख्शने वाली नहीं। वार्डवासियों के धरने को कांग्रेस नेताओं का समर्थन मिलने के बाद एक्सीयन हरकत में आए और उन्होंने लिखित में दिया कि 15 दिनों के भीतर वार्ड में ट्यूबवैल लगवा दिया जाएगा। जब तक ट्यूबवेल नहीं लगता, तब तक वार्ड में टैंकरों द्वारा पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। इस आश्वासन पर वार्डवासी धरने से उठे। उन्होंने सहयोग व समर्थन के लिए कांग्रेस नेताओं का आभार जताया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने हमेशा आवाज बुलंद की है और करती रहेगा।



सिरसा। बजरंग गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते। फोटो : हरिभूमि

## अमेरिकी टैरिफ का फुटवियर, टेक्सटाइल और मोटर पाट्र्स पर पड़ेगा असर : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- बजरंग गर्ग ने व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक को किया संबोधित

अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर देश में व्यापार व उद्योगों पर बुरा असर पड़ने की संभावना है। उन सभी उद्योगों पर असर पड़ेगा जो अमेरिका पर निर्यात करते हैं जो अपने प्रोडक्ट के लिए अमेरिका पर निर्भर है। बजरंग गर्ग सोमवार को सिरसा में व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बजरंग गर्ग ने कहा कि टैरिफ का जेम्स एंड ज्वैलरी पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा जबकि टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज के व्यापारियों का लगभग 25 से 50 प्रतिशत तक व्यापार अमेरिका से ही है अगर टैरिफ वापस नहीं हुआ तो टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और उद्योगपति को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता। इसके अलावा फुटवियर, ऑटो पाट्र्स, स्टील आदि उत्पादन पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से भी संकट हो सकता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बहादुरगढ़ में फुटवियर का हब है और फरीदाबाद में स्पेयर पाट्र्स बड़ी मात्रा में बन रहा है उनके साथ-साथ पानीपत में टेक्सटाइल का सेंटर बना हुआ है। अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने से देश के साथ-साथ हरियाणा में फुटवियर, टेक्सटाइल व मोटर पाट्र्स उद्योगों पर विशेष तौर इसका असर पड़ेगा। भारत देश जो निर्यात होता है उसका 18 प्रतिशत माल अमेरिका में जाता है। वर्ष 2023-24 में भारत देश में अमेरिका में 77.52 अरब डॉलर का माल एक्सपोर्ट हुआ था। बैठक में जिला प्रधान हीरा लाल शर्मा, हिसार जिला प्रधान पवन गर्ग, शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग, अंजनी कनोडिया, अनिल सर्राफा, सोनू ग्रोवर, अश्वनी गर्ग, संदीप मिंढा आदि मौजूद रहे।

## किसान सभा भूना का त्रिवार्षिक सम्मेलन मुंशीराम चुने गए तहसील प्रधान

- किसान नेता कामरेड बलबीर सिंह ने सभा का झंडा फहराकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना




**भूना।** किसान सभा के तहसील सम्मेलन को संबोधित करते किसान नेता।

अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भूना का त्रिवार्षिक सम्मेलन आज शहीद चन्द्रशेखर आजाद भवन, नजदीक बिजली घर, भूना में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ किसान नेता कामरेड बलबीर सिंह ने सभा का झंडा फहराकर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुंशीराम मनु व विजेन्द्र सिंह ने की वहीं संचालन पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप ढाणी गोपाल ने किया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया और विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां लागू कर रही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान लगातार कर्ज के बोझ तले दब रहा है। फतेहाबाद में सेम और बाद में हुई बरसात से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान सभा खराब फसलों की गिरदावरी व जल्द मुआवजे की मांग को लेकर गई बार प्रदर्शन कर चुकी है लेकिन सरकार व अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही और किसानों को अब तक कोई राहत प्रदान नहीं की गई है।

क्षेत्र के अनेक गांवों में अब भी खेतों में बरसाती पानी खड़ा है। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा हर रोज किसानों की समस्याओं के लिए संघर्ष कर रही है, इसलिए हर किसान को किसान सभा से जुडक़र किसानों की लड़ाई को तेज करना चाहिए। किसान नेता जगतार सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा का संचालन जनवादी तरीके से होता है। संगठन का अपना संविधान है। इसके तहत हर साल सदस्यता ली जाती है। खेती से जुड़े सभी लोग किसान सभा के सदस्य बन सकते हैं। सम्मेलन में तहसील सचिव सोमनाथ ने पिछले तीन सालों के दौरान हुए कामों व संघर्षों की रिपोर्ट रखी। इसके बाद सर्वसम्मति से तहसील भूना की 15 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें मुंशीराम को तहसील प्रधान, सोमनाथ को सचिव, ओमप्रकाश व मनु को उपप्रधान, ओमप्रकाश मास्टर व विजेन्द्र को सहसचिव चुना गया। सम्मेलन में भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में भूना क्षेत्र से काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया।



सिरसा। प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

## द स्केट पार्क अकादमी के बच्चों ने जीते 4 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- शाह सतनाम सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय स्कूली स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित

शाह सतनाम सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्कूली स्केटिंग चैंपियनशिप में दी पार्क स्केट अकादमी के होनहारों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक सहित कुल 7 पदक जीतकर अकादमी व जिले का नाम रोशन किया। अकादमी की निदेशक डॉ. सुमन बैनीवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अकादमी के रेहान सेठी, पार्थ गोयल, रिद्धिमा बिश्नोई व रमनीक ने स्वर्ण पदक, गित्विक ने रजत पदक, दृष्टि व क्रियांश ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। उन्होंने कोच मनीष बिश्नोई सहित सभी होनहारों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि ये सभी होनहार काफी प्रतिभाशाली हैं और इससे पूर्व भी अनेक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। कोच मनीष बिश्नोई ने बताया कि सभी बच्चे खेल के प्रति समर्पित हैं और लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों की खेल भावना से ये स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि वो एक दिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपना नाम चमकाएंगे।

## न्यूज डायरी

### 1.21 करोड़ की धोखाधड़ी में गुजरात की महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने 1 करोड़ 21 लाख की एक बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए गुजरात की महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान कंचन बेन कटरोडिया पत्नी प्रवीण कटरोडिया निवासी टावर लक्ष्मी रेजिडेंसी, कटार गांव, सूरत, गुजरात के रूप में हुई है। सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि टोहाना निवासी आशु गोयल, प्रोपराइटर, मैसर्स गोयल ट्रेडर्स ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार कंचन कटरोडिया अपने पति प्रवीण कटरोडिया और पुत्र वैभव कटरोडिया के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापार में संलिप्त है। आरोप है कि इनकी दो फर्मे मैसर्स दरिया इंटरनेशनल और मैसर्स माही इंटरनेशनल ने गोयल ट्रेडर्स से समय-समय पर लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदा, परंतु उसका भुगतान नहीं किया।

### डबवाली में समारोह की तैयारियां जोरों पर



**डबवाली।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। सोमवार को कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश करने वाली टीमों ने रिहर्सल की। एसडीएम अर्पित संगल ने बताया कि उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थानीय गुरू गोबिंद सिंह खेल स्टेडियम मंडी डबवाली में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक टीमों द्वारा प्रतिदिन रिहर्सल की जा रही है, ताकि समारोह में प्रस्तुतियां आकर्षक और प्रभावी हों। समारोह में पीटी, परेड, मार्च पास्ट, बैंड की भी रिहर्सल जारी है।

### उपचाराधीन जीवों को दी हैल्दी डाइट की सेवा

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी द्वारा जीव संरक्षण अभियान के तहत सुभाष नगर स्थित पाव एण्ड प्रिंट रेस्क्यु सिक्योरिटी ट्रस्ट के जीव उपचार केन्द्र में उपचाराधीन जीवों के लिए हैल्दी डाईट का प्रबंध किया गया। जीव संरक्षण अभियान के संयोजक एवं सचिव विकास नायक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रेजिडेंट सन्नी बंसल व फतेहाबाद युनिट की प्रेजिडेंट पायल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में सदस्यों ने जख्मी व बीमार जीवों को दूध, ब्रेड, बिस्कुट, दलिया की डाईट दी तथा इनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सन्नी बंसल व पायल चक्रवर्ती ने कहा कि यहां उपचाराधीन जीवों की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है। जीव प्रेमी डॉ. प्रवीण सोनी व उनकी टीम निरंतर जीवों के ईलाज व उनकी देखभाल का काम करती है।

### रक्षाबंधन के दिन से नाबालिग लापता

**सिरसा।** जिला के रानियां क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन बहन से राखी बंधवाने के बाद घर से निकला एक नाबालिग दो दिन से लापता है। नाबालिग के परिवार को उसकी बाइक राजस्थान के हनुमानगढ़ में मिली, वहीं उसके द्वारा लिखा गया एक पत्र घर में मिला। पत्र में उसने लिखा है कि वह बड़ा आदमी बनकर ही वापस लौटेगा। परिवार को शक है कि वह सोशल मीडिया पर किसी के झांसे में आया है। बताया जा रहा है कि गांव नथोर निवासी नवीश शर्मा नाम का यह किशोर शनिवार दोपहर साढ़े 11 बजे घर से बाइक लेकर निकला था। इसके बाद से उसका अब तक कोई सुराग नहीं है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि नवीश के पिता विजय शर्मा का दो साल पहले निधन हो चुका है। नवीश परिवार का इकलौता बेटा है। वह बणी के एचआरजे प्राइवेट स्कूल में10वीं कक्षा का छात्र है। नाबालिग के चाचा गौरव शर्मा और हनी शर्मा ने बताया कि नवीश आमतौर पर 15-20 मिनट में घर लौट आता था, लेकिन उस दिन वह नहीं लौटा।

### सफाई व्यवस्था व समस्याओं के समाधान के लिए लोगों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**रतिया।** शहर के वार्ड नंबर दो व वार्ड नंबर 9 के मोहल्ला निवासियों ने समस्याओं के समाधान के लिए विधायक जरनैल सिंह को ज्ञापन दिया और उनकी समस्या हल करवाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की जनसुविधाओं, बुनियादी ढांचे एवं विकास कार्यों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विधायक जरनैल सिंह से विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे गुरसेवक सिंह खोखर ने बताया कि डेरा क्षेत्र के निकट सफाई व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है, जिसके कारण स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। इस क्षेत्र में नियमित कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई और स्वच्छता कर्मचारियों की तैनाती की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बरसात के मौसम में पानी भरने की समस्या गंभीर हो जाती है, जिससे न केवल विद्यार्थियों बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी असुविधा होती है। वार्ड संख्या 2 एवं 9 में स्थित बिसनाल धर्मशाला, जो सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र है, लंबे समय से मरम्मत की प्रतीक्षा में है।

## टोहाना : तीन मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

**टोहाना।** नगर परिषद कार्यालय में सोमवार दोपहर करीबन सवा तीन बजे तीनों मनोनीत पार्षदों के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल व वाइस चेयरपर्सन नीरू सैनी पहुंची। इस दौरान मनोनीत पार्षद ललित मोहन, अधिवक्ता सुभाष गर्ग व तिलकराज भाटिया ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष नरेश बंसल व कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी ने सभी पार्षदों को बधाई दी तथा कहा कि वे शहर के विकास में योगदान देंगे। सभी पार्षदों ने कहा कि वे टोहाना शहर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपना शत प्रतिशत देंगे ताकि टोहाना शहर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे।



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर पार्षद सतीश पुरी, अशोक गर्ग, जोनी मेहता, पूर्व मंत्री के निजी सचिव निशांत कामरा, समाजसेवी विक्रम प्रभाकर, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष रमन मडिया, भाजपा जिला महामंत्री विकास ललौढा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गर्ग, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रवीण गिल, जिला उपाध्यक्ष संजय रेवड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिविर में 100 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य



**ओढां।** स्थानीय खाटू श्याम मंदिर के नजदीक कृष्णा आयुर्वेदा में निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया, जिसमें आयुर्वेद डॉ. अतुल कुमार व डॉ. प्रिया शर्मा द्वारा करीब 100 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की। शिविर का शुभारंभ सरपंच संदीप सिंह व सुखपाल सिंह नंबरदार ने संयुक्त रूप से किया। सरपंच ने कहा कि यह पद्धति लगभग 5 हजार वर्षों से अस्तित्व में है और एक प्राचीन ज्ञान है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। आज इस डिजिटल युग में भी इसका उपयोग किया जाता है। स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा की मांग बढ़ रही है और बड़ी संख्या में लोग इसकी ओर रुख कर रहे हैं। इसे आधुनिक चिकित्सा जिसके अपने दुष्प्रभाव भी हैं का सबसे सुरक्षित और प्रभावी विकल्प माना जाता है।

**सेमिनार** भ्रष्टाचार और रिश्वत के खिलाफ जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन

# सामूहिक प्रयासों से भ्रष्टाचार मुक्त समाज का सपना अवश्य साकार होगा : डीएसपी काजला

- रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की घटना की सूचना तुरंत संबंधित विभाग या पुलिस को देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** भ्रष्टाचार और रिश्वत के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत आयोजित सेमिनार में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को भ्रष्टाचार और रिश्वत के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

सेमिनार को संबोधित करते हुए डीडीपीओ अनूप सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है, इसे समाप्त करने के लिए हर कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा दें। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में रिश्वत और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता संबंधी बोर्ड लगाए जा रहे हैं, ताकि जनता को स्पष्ट संदेश मिले कि ऐसे कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है। डीएसपी जगदीश काजला ने कहा कि कानून सभी के लिए समान है और भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की घटना की सूचना तुरंत संबंधित विभाग या पुलिस को दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से भ्रष्टाचार मुक्त समाज का सपना अवश्य साकार होगा। डीएफएससी विनित जैन ने कहा कि ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही हम एक स्वच्छ प्रशासन और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कर्मचारियों को प्रेरित किया कि वे हर स्तर पर निष्पक्षता और निष्ठा बनाए रखें।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तर पर नियमित रूप से ऐसे जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता और जन-विश्वास को और मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और उपस्थित लोगों ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

**सिरसा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूलों में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं। भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ-साथ तिरंगा थीम पर आधारित राखियां भी तैयार करवाई जा रही है। कई स्थानों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देसूजोधा व सक्ताखेड़ा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राखी मेकिंग, पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इसके अलावा अन्य स्कूलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश ने बताया कि सभी स्कूलों में तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रार्थना सभा और बाल सभा में घर-घर तिरंगा अभियान के तहत जानकारी दी जा ही है।

### जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सिरसा।** हरियाणा योगासन स्पोट्र्स एसोसिएशन की ओर से सोमवार को जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का शुभारंभ शहीद भगत सिंह स्टेडियम में किया गया। इस दौरान नगरपरिषद के चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप मुख्यातिथि शामिल हुए और योग साधकों को अपना संदेश दिया। एसोएसिशन के सचिव भगवाना राम ने बताया कि इससे पहले खंड स्तर पर योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चयनित योग साधक जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभागी बने। उन्होंने बताया कि सोमवार को लड़के व लड़कियों के वर्ग में 10 इवेंट करवाए जा रहे हैं और एक प्रतिभागी दो इवेंट में भाग ले सकता है। हरियाणा योगासन स्पोट्र्स एसोसिएशन के प्रधान नंदलाल बेनीवाल ने जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता के आयोजन में अहम भूमिका निभा रहे सभी सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए सभी प्रतिभागियों को आश्वासन दिया कि राज्य स्तर के लिए केवल प्रदर्शन के आधार पर चयन होगा।

### परिजनों को सौंपा सहायता राशि का चेक



**सिरसा।** एचकेआरएनएल के तहत कार्यरत एक कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर एक्सिस बैंक ने कर्मचारी के परिजनों को 20 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक एडीसी विरेंद्र सहरावत की उपस्थिति में सौंपा। कर्मचारी स्व. अमन कुमार के बीमा दावे के निपटान के उपरांत उनके परिजनों को चेक सौंपने के दौरान बैंक के कलस्टर हेड रोहित कंसल भी मौजूद रहे। एक्सिस बैंक ने एचकेआरएनएल के तहत कार्यरत कर्मचारी स्व. अमन कुमार के बीमा दावे का निपटान करते हुए परिजनों को बीमा दावा राशि बीस लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान शाखा प्रबंधक कमल गोयल, कॉर्पोरेट सैलरी मैनेजर सनी धमीजा तथा एएम सेल्स-सैलरी सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क शिविर में 182 नेत्र रोगियों की जांच

**सिरसा।** श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच व आपरेशन का 271वां निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा, डॉ. सीमा पूनिया व डॉ. महिप बंसल ने अपनी टीम व सहयोगियों के साथ 182 नेत्र रोगियों की जांच की। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 39 जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क आप्रेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 65 मरीजों की मधुमेह जांच के साथ सभी नेत्र रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी गई। शविर में बाबूराम मित्तल, भूप सिंह गहलोत, एमपी गर्ग तथा अन्य भी मौजूद थे।

### श्री रघुनाथ मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन

**फतेहाबाद।** ताली कीर्तन संस्था भट्टूमण्डी की ओर से शिव चौक स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुजारी राजेश शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करवाई तथा श्रीरघुनाथ मंदिर सभा के प्रधान टेकचंद मिढ्ढा व अन्य पदाधिकारियों ने ज्योति प्रज्जवलित करके ताली कीर्तन शुरू करवाया। इसके बाद ताली कीर्तन संस्था के सदस्यों ने तालियों के साथ भजन-कीर्तन किया तथा श्री बालाजी व श्री खाटुश्याम जी के सुंदर-सुंदर भजन गाकर श्रद्धालुओं को आनंद से सराबोर कर दिया। इस मौके पर पुजारी राकेश शर्मा, सुनील आहूजा, चंद्रभान नागपाल, सज्जन अग्रवाल, अनूप मितल, सोनू बागड़ी, मांगे राम माचरा सहित सैकड़ोंश्रद्धालु मौजूद थे।

### कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग कोर्स 18 से होगा शुरू

**फतेहाबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तत्वावधान में स्थानीय पंचायत भवन में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों के लिए 38 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग कोर्स का आयोजन 18 अगस्त सोमवार से प्रारंभ होगा। यह कोर्स उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अकाउंटिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं या स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छा रखते हैं। आरसेटी संस्थान के निदेशक बिरेंद्र प्रसाद ने बताया कि कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग कोर्स के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर बेसिक, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, टैली सॉफ्टवेयर, जीएसटी, टीडीएस, फाइनेंस, इनकम टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के टैक्स रिटर्न जैसे आईटीआर और जीएसटी भरने का पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### घर-घर जाकर नशे के खिलाफ किया जागरूक

**रतिया।** थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत ने पुलिस टीम रतिया के साथ मिलकर नशा मुक्ति अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इससे बचाएं। साथ ही नशे का कारोबार करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस टीम ने लोगों को बताया कि नशा न केवल सेहत के लिए हानिकारक है, बल्कि यह अपराध और सामाजिक बुराइयों को भी जन्म देता है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंच सके।

### हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को जागृत करना : प्रवीण जोड़ा

# भाजपा ने धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के जयकारों से भरा जोश, तिरंगामयी नजर आया शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को फतेहाबाद में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की वहीं अध्यक्षता फतेहाबाद के पूर्व विधायक दूड़ाराम ने की। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ फतेहाबाद की लाल बत्ती चौक पर बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जहां सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व आमजन अपने हाथों में तिरंगा लहराते नजर आए। 'भारत माता की जय', वन्दे मातरम् के जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। राष्ट्र भक्ति के नारों ने पूरा हाईवे तिरंगामयी नजर आया। स्थानीय लोगों ने भी तिरंगा यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कई स्थलों पर लोगों ने पुष्प वर्षा भी की।

यह तिरंगा यात्रा लाल बत्ती से शुरू होकर लघु सचिवालय स्थित स्मारक स्थल तक पहुंचीं। जहां शहीदों व महापुरुषों को माल्यार्पण कर तथा नमन कर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को जो देश को आजादी मिली थी आज पूरा देश इसका जश्न मना रहा है। आजादी के लिए दशकों का संघर्ष रहा लाखों बलिदान व बहुत कड़े संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली। आज जो आजाद हिंदुस्तान में हम सांस ले रहे है यह हम सब का सौभाग्य है कि हमारे पूर्वजों ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में शांतिपूर्वक लड़ाई लड़ी या फिर सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, मंगल पांडे व अन्य शहीदों के संघर्ष का परिणाम है। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है व पूरी दुनिया में हमारे देश को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। हर घर तिरंगा लहरा कर हमें आजादी का जश्न बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए युवाओं व समाज में जागरूकता बड़ी है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है ताकि वे आगे चलकर देश के नवनिर्माण में अपना योगदान दें सके।




**फतेहाबाद।** तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### स्वतंत्रता दिवस पर अलर्ट मोड में फतेहाबाद पुलिस, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर

**फतेहाबाद।** हर वर्ष 15 अगस्त को पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्ष और गर्व के साथ मनाया जाता है। इस बार भी जिला फतेहाबाद में यह राष्ट्रीय पर्व पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें पुलिस के साथ नागरिकों की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। देश विरोधी तत्वों से सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें। एसपी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर विदेशी ताकतें व आतंकी संगठन भारत की शांति और अखंडता को भंग करने की कोशिश कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर की गई रिहर्सल, क्रेसंट के विद्यार्थियों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सीनियर मॉडल स्कूल में 79वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्य रिहर्सल एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता के निर्देशन में सोमवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान एसडीएम व सीटीएम ने सभी स्कूल इंचार्ज व बच्चों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में बेहतरीन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति देने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मुख्य दिवस पर समारोह का संचालन पूर्ण गरिमा और सटीकता के साथ हो। इस रिहर्सल में सभी विभागों एवं प्रतिभागी संस्थाओं ने अनुशासन, ऊर्जा और उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन करते हुए आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 8.58 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण करेंगे और जनता को संबोधित करेंगे।

रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक गीतों एवं देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास भी किया गया। क्रेसंट स्कूल की टीम ने देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

रिहर्सल में एसबीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हरियाणवी डांस, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद के बच्चों ने पंजाबी भंगड़ा, रॉयल पब्लिक स्कूल बहबलपुर के बच्चों ने कोरियोग्राफी, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ग्रुप सॉंग, विभिन्न संगीत अध्यापकों द्वारा ग्रुप लाइव सॉंग, पीएम श्री जेएनवी खारा खेड़ी के बच्चों ने राजस्थानी नृत्य तथा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। बच्चों ने लोकनृत्यों, समूह गीतों और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और राष्ट्रभक्ति के भाव को जीवंत किया।



**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

# सेशन जज ने बुजुर्गों का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने हांसपुर रोड पर स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर (वृद्ध आश्रम) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं सहित उनके स्वास्थ्य बारे विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के स्वास्थ्य जैसे रक्तचाप, शुगर और अन्य सामान्य स्वास्थ्य बारे पूछताछ की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अनमोल धरोहर है जिनके अनुभव और आशीर्वाद से नई पीढ़ी दिशा पाती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण का उद्देश्य न केवल कानूनी सहायता प्रदान करना है बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को सुनिश्चित करना भी है। इस दौरान बुजुर्गों ने भी अपने विचार साझा किए और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जानकारी प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें समाज से जुड़ाव और अपनत्व का एहसास कराते हैं। सीजेएम गायत्री ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 के तहत उनके अधिकारों की रक्षा की जाती है जिसमें बच्चों व रिश्तेदारों की जिम्मेदारी तय की गई है कि व बुजुर्गों का पालन पोषण और देखभाल करें।



**फतेहाबाद।** सद्गुरु कृपा अपना घर का निरीक्षण करते सेशन जज दीपक अग्रवाल।

### गोगा जाहरवीर के वार्षिक मेले को लेकर बैठक का आयोजन

**रतिया।** गोगामेड़ी रतिया में गोगा जाहरवीर जी का वार्षिक मेले को लेकर प्रधान अमरीक सैनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। गोगा मेडी सेवा ट्रस्ट के प्रधान अमरीक सैनी ने बताया कि संत बाबा तेजगिर महाराज के पावन सनिध्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोगामेडी सेवा ट्रस्ट द्वारा गोगामेड़ी मंदिर में गोगा जाहरपीर के वार्षिक मेले का आयोजन 17 अगस्त रविवार को बड़े धूमधाम से किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूरे जोरो शोरो से चल रही है और मेले में आये हुए श्रद्धालुओं को कोई दिकत ना आए इसी को लेकर आज एक बैठक का आयोजन कर कमेटी द्वारा विचार विमर्श किया गया।

# द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब छाया

- मुक्केबाजों ने जोन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बाजी मारी है। गुरुग्राम में आयोजित हुई सीबीएसई जोन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाडियों ने भी विभिन्न भार वर्ग में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कोच प्रदीप कुमार ने बताया कि अंडर 14 लडक्रों की प्रतियोगिता में रोहन ने 38 किलो भार वर्ग में अपने प्रतिद्वंदी को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता। कुश ने 42 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल व अंकुश ने 46 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रकार अंडर-17 लड़कियों की प्रतियोगिता में सुखरीत ने 60 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल कब्जाया। मानसा ने 66 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल, हिमानी ने 48 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, आशी वत्स ने 52 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, तन्वी तेवतिया ने 60 किलो भारत वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर -19 की लड़कियों की प्रतियोगिता में आशी पार्सिवल ने 60 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल, सोनू रावत ने 81 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल, मामल कुकरेजा ने 51 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल व जसप्रीत कौर ने 64 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मैडल जीता।



**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के विजेता मुक्केबाज।

### हरियाणा में मनरेगा योजना की अनदेखी से मजदूरों के साथ हो रहा अन्यायः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य गांवों के गरीब व जरूरतमंद परिवारों को न्यूनतम 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित करना है। लेकिन हाल ही में जारी आंकड़े साफ दिखाते हैं कि हरियाणा सरकार इस योजना को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है, जिससे लाखों गरीब मजदूर परिवार प्रभावित हो रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार इस योजना की अनदेखी कर गरीबों और मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया कि मनरेगा सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर गरीब मजदूरों की जिंदगी सुधारने का साधन बननी चाहिए। सांसद सैलजा सोमवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि 2007-08 से लेकर 2022-23 तक के आंकड़े दर्शाते हैं कि पंजीकृत परिवारों की संख्या बढने के बावजूद रोजगार मांगने और प्राप्त करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। विशेष रूप से 100 दिन का रोजगार पाने वाले परिवारों की संख्या चिंताजनक रूप से बेहद कम है। 2022-23 में पंजीकृत 12.35 लाख परिवारों में से केवल 4.72 लाख ने ही रोजगार मांगा और सिर्फ 1,331 परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार मिला। यह स्थिति गरीबों के साथ एक बड़े मजाक से कम नहीं है। हरियाणा जैसे राज्य में, जहां ग्रामीण मजदूर वर्ग पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट से जूझ रहा है, वहां मनरेगा को ठप करना गरीबों की रोटी छीनने जैसा है। केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड का सही उपयोग नहीं हो रहा।

# सोनी चुने गए सोसायटी प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष गोयल की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक मां वैष्णो देवी मंदिर ग्रीन पार्क कॉलोनी में हुई। बैठक में सचिव सुशील बंसल ने नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा गया। सर्वप्रथम निवर्तमान प्रधान सुभाष गोयल ने अपने कार्यकाल के दौरान कॉलोनी द्वारा दिए गए सहयोग का आभार व्यक्त किया और सर्वसम्मति से प्रधान चुनने का प्रस्ताव रखा। इस पर युवा समाजसेवी मोहित सोनी को ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी का आगामी दो वर्षों के लिए प्रधान मनोनीत करने के लिए उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया और अपनी नई कार्यकारणी गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी। नव नियुक्त प्रधान मोहित सोनी ने कॉलोनी वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वो उसे पूरी जिम्मेवारी से पूरा करेंगे। मोहित सोनी ने निवर्तमान प्रधान सुभाष गोयल व उनकी पूरी टीम द्वारा किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी को कॉलोनीवासियों को साथ लेकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कॉलोनी व मंदिर के विकास के लिए बहुत ही अच्छा कार्य किया है, आगे वे उनके बचे हुए कार्यों को उनके मार्गदर्शन में पूरा करेंगे। पूर्व प्रधान सुभाष गोयल व सचिव सुशील बंसल, कैशियर विनोद गर्ग ने नवनियुक्त अध्यक्ष मोहित सोनी को माला पहनाकर नई जिम्मेवारी सौंपी।



**फतेहाबाद।** ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी की बैठक में भाग लेते सदस्य।



### रामसरा से श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रामदेवरा के लिए हुआ रवाना

**फतेहाबाद।** गांव रासमरा के प्राचीन श्री बाबा रामदेव मंदिर से हर साल की भांति इस साल भी श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। इस बार पैदल यात्रा में 35 श्रद्धालु भाग ले रहे है। रामदेवरा रवाना होने से पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना की गई और बाबा रामदेव जी का आशीर्वाद लिया गया। सैंकड़ों किलोमीटर की यात्रा करने के बाद यह जत्था 9 दिन बाद रामदेवरा पहुंचेगा। इस बारे जानकारी देते हुए कमेटी के प्रवक्ता धर्मवीर झाझड़ा ने बताया कि इस साल गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु रामदेवरा पैदल यात्रा पर रवाना होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह यात्रा न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक शक्ति का भी परिचायक है। वर्षों से लगातार आयोजित हो रही यह यात्रा क्षेत्र के लोगों में एक विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार करती है। यह जत्था 9 दिन की पैदल यात्रा के बाद रामदेवरा पहुंचेगा। सभी भक्तगण बाबा रामदेव जी के दर्शन कर अपने जीवन को कृतार्थ करेंगे।

### शहीद भगत सिंह स्टेडियम की बदहाली को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम की सुध लेने की मांग को लेकर सैर सभा शहीद भगत सिंह वेलफेयर सोसायटी ने उपायुक्त शांतनु शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है। बरसाती सीजन में जहां स्टेडियम में कंटीली झाडिय़ा उगी हैं, वहीं एथलेक्टिस ट्रैक पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन हुए हैं, जिससे खिलाडिय़ों व सैर करने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। स्टेडियम की खस्ता हालत को देखते हुए खिलाड़ी यहां आने से कतरा रहे हैं, सैर करने वाले लोगों की संख्या भी दिन प्रतिदिन कम हो रही है। सैर सभा के पदाधिकारियों राजेंद्र गनेरीवाला, विजय वर्मा, लक्ष्मी चंद प्रजापति, नवीन बंसल, नरेंद्र भाटिया, इंद्र असीजा जेई, डा. कृष्ण असीजा, कमलजीत गगनेजा, अनिल कुमार, डा. कमल जिंदल, राजन हैप्पी, डा. वीआर गोयल, विजय वर्मा, संदीप कुमार, गुरसाहिब सिंह, अनिल कुमार, रामपाल सिंह आदि ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी जो देश का प्रतिनिधित्व करने का स्वप्र संयोए हुए हैं, उन्हें अभ्यास के दौरान विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है और उनके सपने टूटते नजर आ रहे हैं। स्टेडियम में कंटीली झाडिय़ां व खरपतवार की सफाई नहीं की गई है।

### सीडीएलयू में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' संगोष्ठी का आयोजन

# स्मृतियां अतीत की त्रासदी नहीं, सजग रहने की चेतावनी: अग्निहोत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि भारत का इतिहास केवल संस्कृति, अध्यात्म और ज्ञान का ही इतिहास नहीं है, बल्कि यह बाहरी आक्रमणों और उनसे हुई क्षति का भी इतिहास है। लगभग एक हजार वर्षों तक भारत की धरती बार-बार विदेशी आक्रांताओं का सामना करती रही। प्रो. अग्निहोत्री सोमवार को सिरसा के सीडीएलयू में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आठवीं सदी में अरब आक्रमणकारी सिंध तक पहुंचे, 11वीं सदी में महमूद गजनवी ने 17 बार भारत पर हमला कर हमारे मंदिरों, शिक्षा केंद्रों और सांस्कृतिक धरोहर को नष्ट किया। 12वीं सदी में मोहम्मद गौरी ने तराइन की लड़ाई के माध्यम से राजनीतिक पराधीनता की नींव रखी। इसके बाद तुर्क, खिलजी, तुगलक, लोदी और अंततः मुगल साम्राज्य ने यहां सत्ता स्थापित की। 18वीं सदी में जब मुग़ल साम्राज्य कमजोर हुआ तो यूरोपीय शक्तियों विशेषकर अंग्रेजों ने भारत की आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया। इन लंबे आक्रमणों ने न केवल हमारी स्वाधीनता छीनी, बल्कि समाज को विभाजित करने के प्रयास भी किए। 1947 का विभाजन इन आक्रमणों और विदेशी षड्यंत्रों की सबसे भीषण परिणति थी। उन्होंने कहा कि विभाजन की स्मृतियां केवल अतीत की त्रासदी नहीं हैं, बल्कि वे हमें यह चेतावनी देती हैं कि अगर हम अपनी सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति सजग नहीं रहेंगे तो बाहरी और अंदरूनी ताकतें हमें फिर कमजोर करने का प्रयास कर सकती है।



**सिरसा।** संगोष्ठी को संबोधित करते प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री।

#### भाईचारे, सौहार्द व राष्ट्रीय एकता को मजबूत करें

सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विभाजन की पीड़ा को याद रखना आवश्यक है ताकि हम आपसी भाईचारे, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत कर सकें। यह दिन हमें अतीत की त्रासदी से सीख लेकर एक बेहतर और एकजुट भारत के निर्माण का संकल्प दिलाता है। उन्होंने कहा कि विभाजन की पीड़ा को याद रखना केवल इतिहास को दोहराने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमें यह सोचने का अवसर देता है कि आज और कल का भारत कैसा होना चाहिए। उस दौर में लाखों लोगों ने अपने घर, अपनी जमीन और अपने रिश्तेदार खो दिए, लेकिन उन्होंने अपने हौसले और देशभक्ति को नहीं खोया।